पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई-मेल: aff@shekhauni.ac.in

S.No - 38162

Date: 7/03/2026

षष्ठम् दीक्षान्त समारोह अधिसूचना

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के षष्ठम् दीक्षान्त समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 28.03.2026 (शनिवार) को माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान की अध्यक्षता में किया जा रहा है। जिसमें वर्ष 2025 (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) की परीक्षाओं में प्रथम वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं को उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, संकायाध्यक्षों एवं परीक्षा 2025 (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) के स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने के लिए एतद् द्वारा सूचित किया जाता है।

उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्राप्ति के लिए दीक्षान्त समारोह में पात्र छात्र/छात्रायें अपने स्नातक/स्नातकोत्तर की अंतिम वर्ष की अंकतालिका की प्रमाणित छायाप्रति एवं वैद्य फोटो पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड इत्यादि) दिनांक 12.03.2026 (गुरूवार) को सांय 5.00 बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.shekhuni.ac.in पर उपलब्ध प्रपत्र में सहमति हेतु आवेदन -प्रपत्र भरकर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के कमरा नं. 105 में प्रस्तुत करें।

समारोह में पात्र छात्र-छात्राओं को निर्धारित ड्रेस कोड में आवेदन-प्रपत्र के अनुसार अपने स्वयं की फोटो आईडी भी लाना अनिवार्य होगा। उक्त दिनांक के पश्चात किसी भी छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

डिग्री/मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिये ड्रेस कोड निम्नानुसार हैः-

1. पुरूषः सफेद रंग का पेन्ट-शर्ट/कुर्ता/पायजामा/धोती/कुर्ता एवं काले जूते।
2. महिलाः सफेद रंग की साडी/सलवार-सूट मय मैरून रंग का बॉडर और ब्लाउज/चुन्नी/दुपट्टा तथा काले सेन्डल।

दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।

कुलसचिव

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाइट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: aff@shekhauni.ac.in

षष्ठम् दीक्षान्त समारोह 2026

सहमति प्रपत्र

(वर्ष 2025 (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए)

अभ्यर्थी का नाम..

पिता का नाम..

जन्म तिथि...

परीक्षा केन्द्र...

पाठ्यक्रम..

उत्तीर्ण वर्ष.......................................प्रतिशत %..

एनरोलमेंट नं...

रोल नं. ....

मोबाइल नं. ....

आधार नं. ....

स्थाई पता..

अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

घोषणा :–

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी सही है। यदि कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है। तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जायें एवं किसी प्रकार की हानि का समस्त उत्तरदायित्व मेरा होगा। मै अपनी उपाधि एवं स्वर्ण पदक 28 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में प्राप्त करने हेतु व्यक्तिशः/स्वयं उपस्थित रहने को सहमत हूँ एवं विश्वविद्यालय के समस्त नियमों का पालन करूँगा/करूँगी। प्रार्थना पत्र एवं उत्तीर्ण पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की अंकतालिका एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न है।

दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर

नोटः– षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 12.03.2026 है। इसके पश्चात् आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.shekhuni.ac.in का अवलोकन करें।

अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।